**कार्यालय अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

**आदेशांक–वा0क0अधि0/युगलपीठ/ /2025 दि0 लखनऊः सितम्बर 26, 2025**

**–:: संशोधित आदेश ::–**

मुख्यालय के आदेशांक 1167/2025 दिनांक 28–08–2025 के द्वारा जनपद गोरखपुर में युगलपीठ का गठन **दिनांक 28–10–2025 से 29–10–2025** तक करते हुए, युगलपीठ के सदस्य के रूप में सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–2 कानपुर एवं न्यायिक सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–1, प्रयागराज को नामित किया गया था।

न्यायिक सदस्य, पीठ–1, प्रयागराज के पत्र संख्या–451 दिनांक 12–09–2025 द्वारा अवगत कराया गया है कि उन्हें दिनांक 27–10–2025 एवं 28–10–2025 को छठ पूजा के घरेलू आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होना है, जिसके कारण उनके द्वारा इस खण्डपीठ में उनके स्थान पर किसी अन्य न्यायिक सदस्य को नामित करनें का अनुरोध किया है । गोरखपुर कार्यालय से दूरभाष से यह भी सूचना प्राप्त हुई है कि दिनांक 29–10–2025 को गोरखपुर जनपद में स्थानीय अवकाश है ।

उपरोक्त अपरिहार्य परिस्थितियों पर सम्यक रूप से विचार करते हुए, पूर्व निर्गत युगल पीठ गठन आदेश सं0 1167/2025 दिनांक 28–08–2025 को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए, जनपद–गोरखपुर में **दिनांक 28–10–2025 से 29–10–2025** तक गठित युगलपीठ, तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती है। उपरोक्त गठित युगल पीठ कार्यक्रम की शेष स्थिति यथावत रहेगी।

तदनुसार सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित किया जाये।

Sd/- 26-09-2025
**(रमेश चन्द–1)**
**एच0जे0एस0**
**अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण,**
**उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

पृष्ठांकन संख्या–वा0क0अधि0/यु0पी0 संशो0/1262/2025 दिनांक :: उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कर्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सदस्यं वाणिज्य कर अधिकरण, गोरखपुर पीठ, गोरखपुर।
2– सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–प्रथम प्रयागराज, प्रयागराज ।
3– सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–द्वितीय कानपुर, कानपुर ।
4– वैयक्तिक सहायक, अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण उ0प्र0, लखनऊ ।
5– प्रशासनिक अधिकारी/वरिष्ठ सहायक (यात्राभत्ता)/विवरण/वेव अधिकारी/नाजिर, मुख्यालय।

**आज्ञा से,**

**निबंधक,**
वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।